-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 20.06.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त द्वारा दिनांक 17.06.2024 को कस्बा बिसण्डा से चोरी की घटना को दिया गया था अंजाम ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.06.2024 को थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि कस्बा बिसण्डा के रहने वाले विनय सिंह द्वारा दिनांक 18.06.2024 को थाना बिसण्डा पर सूचना दी गई कि दिनांक 17.06.2024 को गहबर थोक कस्बा बिसण्डा से उनकी मोटरसाइकिल किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गयी । इस सम्बन्ध में थाना बिसण्डा पर अभियोग पंजीकृत किया गया था । इसी क्रम में आज दिनांक 20.06.2024 को थाना बिसण्डा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ बबेरु रोड पुलिया के पास कस्बा बिसण्डा से गिरफ्तार कर लिया ।

बरामदगी-

- चोरी की मोटरसाइकिल होण्डा ड्रीम युगा UP90M5770

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. घनश्याम उर्फ बउवा कोरी पुत्र मोतीलाल निवासी देवीनगर कस्बा व थाना बिसण्डा जनपद बांदा ।

पंजीकृत अभियोग -

- मु0अ0सं0 215/24 धारा 379/411 भादवि थाना बिसण्डा जनपद बांदा ।

आपराधिक इतिहास घनश्याम उपरोक्त-

- मु0अ0सं0 76/21 धारा 304/308/323 भादवि थाना बिसण्डा जनपद बांदा ।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री विकास नेहरा
2. कां0 दीपक यादव
3. कां0 शिवकुमार सरोज